BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS

SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

PERIODIC TEST-2 (2024-25)

HINDI

Class: V — Duration : **1.00 Hrs**

Date : 09-12-2024 — Max. Marks: **25**

Admission No.: — Roll No.:

General Instructions:-

- प्रश्न -पत्र चार खंडों में विभाजित है |
- कृपया उसके अनुसार प्रश्न -पत्र हल करें |
- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
- प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए |

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :- [5]

एक कौआ था। उसे बहुत जोर की प्यास लगी थी। गरमियों के दिन थे। इसलिए दूर-दूर तक पानी का नामोनिशान तक नहीं था। आखिर में कौए को एक घड़ा दिखाई दिया।

कौए ने घड़े में झाँककर देखा, उसकी पेंदी में बहुत थोड़ा-सा पानी था। कौआ पानी पीने की तरकीब सोचने लगा। उसके दिमाग में एक विचार आया 'यदि मैं पानी में कंकड़ डालूँ तो पानी अपने-आप ऊपर आ जाएगा।'

वह चोंच से कंकड़ उठा-उठाकर घड़े में डालने लगा। कंकड़ गरमी से काफ़ी सूख गए थे। उन्होंने पानी को सोखना शुरू किया। जैसे-जैसे कौआ कंकड़ डालता जाता था, घड़े का पानी सूखता जाता था। अंत में कंकड़ों ने सारा पानी सोख लिया।

कौए ने घड़े में झाँककर देखा। उसे यह देखकर बहुत निराशा हुई कि सारा पानी सूख चुका है। वह प्यास से व्याकुल होकर वहाँ से उड़ गया

(i) किसे बहुत प्यास लगी थी ?

(a) कौआ (b) कोयल (c) तोता (d) मोर

(ii) यहाँ पर किन दिनों की बात की गयी है ?

(a) वर्षा (b) सर्दी (c) गर्मी (d) बड़े दिन

(iii) कौए ने घड़े में क्या डाला ?

(a) चना (b) आम (c) गेहूं (d) कंकड़

(iv) घड़े में कंकड़ डालने का परिणाम क्या हुआ ?

(a) पानी सूख गया (b) पानी बढ़ गया (c) वर्षा हुई (d) कुछ भी नहीं

(v) कौए ने प्यास से व्याकुल होकर क्या किया

(a) नदी में डूब गया (b) डर गया (c) उड़ गया (d) गिर गया

प्रश्न.**2** सही काल पहचानकर लिखिए **:-** **[2]**

(i) बच्चे कविता सूना रहे हैं **|** ---------------------

(ii) अब कोई अनपढ़ नहीं होगा **|** ---------------------

प्रश्न.**3** रेखांकित तत्सम शब्द का तद्भव रूप लिखिए **:-** **[2]**

(i) अग्नि सब कुछ जलाने में समर्थ है **-** ---------------------

(ii) आज का दिवस याद रखने योग्य है **-** ---------------------

प्रश्न.**4** दिए गए वाक्य में सही विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए **: -** **[1]**

(i) यह फ्रॉक गंदी कैसे कर ली

(ii) वे हँसते हुए धीरे धीरे अपने घर चले गए

प्रश्न **5** नीचे दिए गए लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए **–** **[5]**

(i) अब जग में कौन -सी कहानी पुरानी हो गई है ?

(ii) अब सबके हाथों में क्या होगी ?

(iii) बेटी युग कैसा पर्व है ?

(iv) सयाने बच्चे कहानी में दोनों लड़कियों के क्या नाम थे ?

(v) पानी मैला क्यों था ?

प्रश्न **6** नीचे दिए गए दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **[6]**

(i) अंत में दादी ने दोनों की मम्मियों को समझाते हुए क्या कहा ?

(ii) पढ़ने- लिखने के क्या फायदे हैं ?

(iii) सारे जग ने किसकी ताकत को पहचाना है ?

प्रश्न.**7** दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए **:-** **[4]**

(i) मोबाइल फोन के फायदे और नुकसान

(ii) खेलों का महत्त्व

अथवा

पिता जी को अपनी पढ़ाई की तैयारी के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए |

-- **समाप्त** --